**23-09-2023**



# फ्रेशर पार्टी

डीटीएनएन, कानपुर

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में फेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। प्रोग्राम का इनॉग्रेशन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन अग्रवाल ने दीप प्रचलित कर किया । इस अवसर पर स्टूडेंट्स ने कल्चरल प्रोग्राम पेश कर तालियां बटोरी





















फ्रेशर पार्टी में डांस करतीं छात्राएं।

अमृत विचार

# ईशा मिस और तरुण बने मिस्टर फ्रेशर

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में शनिवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर और जूनियर छात्र-छात्राएं जमकर झूमे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। रैंप पर कैटवॉक कर छात्र-छात्राओं ने जलवा बिखेरा। हिंदी, अंग्रेजी और भोजपुरी गीतों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। अल्कोहल टेक्नोलॉजी की ईशा और शुगर टेक्नोलॉजी के तरुण को मिस और मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

- एनएसआई की फ्रेशर पार्टी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पर झूमे छात्र-छात्राएं

निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने जूनियरों को शुभकामनाएं दी। संस्थान की कल्चरल सोसाइटी की सचिव और सीनियर पलक साहू ने जूनियर का स्वागत किया। जूनियर और सीनियर्स के बीच के संबंधों की जानकारी दी गई। गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन डॉ. अनंथालक्ष्मी और ब्वायज हॉस्टल के वार्डन संजय चौहान ने छात्रों को पुरस्कृत किया।

# एनएसआई में फ्रेशर पार्टी में नृत्य, गायन का मचा धमाल




मिस्टर एण्ड मिसेज के साथ प्रो. नरेन्द्र मोहन।

(आज समाचार सेवा)

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की ओर से आयोजित फ्रेशर पार्टी में सीनियरों और जूनियरों ने एकसाथ मिलकर नृत्य, संगीत और गायिकी का धमाल मचाया। भोजपुरी गायिकी पर छात्र-छात्राएं थिरकते नजर आये। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते हुए निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने नये छात्रों को उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए अपने ज्ञान को बढ़ाते हुए व्यक्तिगत विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्थान की कल्चरल सोसाइटी की सचिव पलक साहू ने सभी को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने की सलाह दी। यहां जूनियर-सीनियर के बीच बने संबंध इण्डस्ट्री में काम आएंगे। इस दौरान डा. अनंधालक्ष्मी, संजय चौहान आदि छात्रों को पुरस्कृत किया।

# एनएसआई के सीनियर ने जूनियर छात्रों को दी फ्रेशर पार्टी




**नगराज दर्पण समाचार**

कानपुर। नेशनल शुगर ऑफ इंस्टीट्यूट मे नए शैक्षिक सत्र में दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राओं को सीनियर छात्रों ने फ्रेशर पार्टी दी । इस दौरान इंस्टिट्यूट के निदेशक नरेंद्र मोहन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान में जितने भी संसाधन हैं उनका हुआ ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर सकते हैं । पढ़ाई के दौरान किसी भी छात्र-छात्रा को किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो वहां उनसे यहां फिर किसी भी स्टाफ से संपर्क स्थापित कर सकते हैं ।सीनियर छात्र-छात्राओं ने जूनियर छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान किसी भी छात्र-छात्रा को यहां पर किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी, यहां पर सभी लोग एक परिवार की तरह रहते हैं ।संस्थान हो या हॉस्टल सभी जगह पर परिवार जैसा माहौल देखने को मिलेगा।

# सीनियर छात्रों द्वारा नए छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया

दैनिक देश मोर्चा
संवाददाता मनी वर्मा




राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के सीनियर छात्रों द्वारा नए छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए संस्थान के निदेशक श्री नरेंद्र मोहन ने नए छात्रों को उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए अपने ज्ञान को बढ़ाते हुए व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता पर जोर दिया संस्थान की कल्चरल सोसाइटी की सचिव और सीनियर छात्रा, पलक साहू ने सीनियर छात्रों का स्वागत करते हुए अनुशासित रहते हुए उत्साह पूर्वक संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने की सलाह दी गयी। यहाँ जूनियर सीनियर के बीच बने सम्बन्ध इंडस्ट्री में भी काम आएंगे, पलक ने कहा सीनियर और जूनियर छात्रों ने एकसाथ नृत्य, संगीत और गायिकी का धमाल मचाया भोजपुरी गायिकी और उसपर किये गयी डांस परफॉरमेंस पर छात्रा जमकर थिरके कार्यक्रम में अल्कोहल टेक्नोलॉजी की ईशा और शुगर टेक्नोलॉजी के तरुण को क्रमशः मिस एवं मिस्टर फ्रेशर चुना गया डा अनंथालक्ष्मी, गर्ल्स हॉस्टल वार्डन एवं श्री संजय चौहान, बॉयज हॉस्टल वार्डन ने कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वाले छात्रों को पुरुस्कृत किया गया।